कक्षा–Q


गणित

दिनांकः

# पैटर्न

दिवस *162

दिये गये चित्रों के क्रम के आधार पर आनेवाले अगले चित्र को ◯ करें।



© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पैटर्न (चित्रों के द्वारा) - अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस को देख लें। पैटर्न से संबंधित एक अभ्यास बोर्ड पर दें (सरल चित्र का प्रयोग करें, जैसे– गिलास, स्टार, पेंसिल, गेंद, बैट, आम, केला इत्यादि) । पैटर्न देखकर आगे आनेवाले चित्र के बारे में पहले बच्चों से पूछें, फिर उन्हें समझाएँ। इसी तरह एक–एक सवाल बोर्ड पर लिखकर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए हल करें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 24 देखें।


कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

## पैटर्न समझकर आगे के चित्र बनाएँ

दिवस *163




शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पैटर्न (चित्रों के द्वारा)- दिवस 162 के अनुसार कराएँ। अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस को देख लें तथा दूसरे–दूसरे उदाहरण लेकर बच्चों में पैटर्न की अवधारणा विकसित करें । **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 24 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा–Q गणित

दिनांकः पैटर्न दिवस (164

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 5 | 7 | | |
| 3 | 6 | 9 | 12 | | |
| 20 | 19 | 18 | 17 | | |
| 5 | 10 | 15 | 20 | | |
| 28 | 27 | 26 | 25 | | |
| 10 | 20 | 30 | 40 | | |
| 6 | 12 | 18 | 24 | | |

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पैटर्न (संख्याओं के द्वारा) – दिवस 162 के अनुसार कराएँ। अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस को देख लें तथा दूसरे–दूसरे उदाहरण लेकर बच्चों में पैटर्न की अवधारणा विकसित करें । **(2)** समूह–कार्य : क्रियाकलाप– 25 देखें।


कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

## दिये गये उदाहरण के अनुसार कार्य करें

दिवस 165





शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पैटर्न (संख्याओं के द्वारा) – दिवस 162 के अनुसार कराएँ। अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस को देख लें तथा दूसरे–दूसरे उदाहरण लेकर बच्चों में पैटर्न की अवधारणा विकसित करें । **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 25 देखें।



© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

मीना ने पत्तियों से 2 अलग–अलग तरह के पैटर्न बनाया





मीना की तरह आप भी अंगूठे, पत्तियों या माचिस की तिल्लियों से अलग–अलग पैटन बनाइए।

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पैटर्न (संख्याओं के द्वारा) – दिवस 162 के अनुसार कराएँ। अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस को देख लें तथा दूसरे–दूसरे उदाहरण लेकर बच्चों में पैटर्न की अवधारणा विकसित करें । **(2)** समूहकार्य : क्रियाकलाप– 25 देखें।



© BSTBPC WEB COPY ,NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q गणित

दिनांक: 

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस 167

## विस्तारित रूप लिखें

| | संख्या | विस्तारित रूप |
|---|---|---|
| 1. | 160 = | ___ + ___ + ___ |
| 2. | 104 = | ___ ++ ___ ___ |
| 3. | 155 = | ___ ++ ___ ___ |
| 4. | 189 = | ___ ++ ___ ___ |
| 5. | 200 = | ___ ++ ___ ___ |

## गोल किये गये अंकों के स्थानीय मान लिखें

| संख्या | स्थानीय मान |
|---|---|
| 1 7⑥ | |
| 1⑥8 | |
| ①7 5 | |
| 1⑤8 | |
| 1 6⑦ | |

148

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

111

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

130

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

199

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

शिक्षण-निर्देश - **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (117, 130, 123, 114, में)- दिवस 92 के अनुसार कराएँ।

**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।

© PSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *168

| | | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 1 सैकड़ा 4 दहाई 5 इकाई | |
| 2. | 1 सैकड़ा 0 दहाई 5 इकाई | |
| 3. | 1 सैकड़ा 9 दहाई 7 इकाई | |
| 4. | 2 सैकड़ा 0 दहाई 0 इकाई | |
| 5. | 1 सैकड़ा 6 दहाई 8 इकाई | |

133

____ सैकड़ा ____ दहाई ____ इकाई

107

____ सैकड़ा ____ दहाई ____ इकाई

160

____ सैकड़ा ____ दहाई ____ इकाई

181

____ सैकड़ा ____ दहाई ____ इकाई

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (160, 180, 188, 179, में)- दिवस 92 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *169

◯ में =, > या, < का चिह्न भरें

| | | |
|---|---|---|
| 115 ◯ 121<br>अन्तर ____ | 187 ◯ 181<br>अन्तर ____ | 119 ◯ 111<br>अन्तर ____ |
| 126 ◯ 126<br>अन्तर ____ | 137 ◯ 135<br>अन्तर ____ | 115 ◯ 110<br>अन्तर ____ |
| 157 ◯ 165<br>अन्तर ____ | 139 ◯ 139<br>अन्तर ____ | 160 ◯ 150<br>अन्तर ____ |

चिह्न समझकर ◯ में एक सही संख्या लिखें

| | | |
|---|---|---|
| ◯ < 128 | 121 > ◯ | ◯ = 138 |
| 119 > ◯ | ◯ = 103 | 113 < ◯ |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : छोटी–बड़ी संख्याएँ तथा अन्तर (बोर्ड पर) – दिवस 129 के अनुसार कराएँ, उदा.– 123 और 127 में।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप – 15 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा–Q गणित

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस 170

## ◯ में =, > या < का चिह्न भरें

| | | |
|---|---|---|
| 155 ◯ 151<br>अन्तर _____ | 163 ◯ 170<br>अन्तर _____ | 100 ◯ 200<br>अन्तर _____ |
| 166 ◯ 168<br>अन्तर _____ | 157 ◯ 157<br>अन्तर _____ | 200 ◯ 196<br>अन्तर _____ |
| 187 ◯ 187<br>अन्तर _____ | 191 ◯ 199<br>अन्तर _____ | 180 ◯ 190<br>अन्तर _____ |

## चिह्न समझकर ◯ में एक सही संख्या लिखें

| | | |
|---|---|---|
| ◯ < 188 | 151 > ◯ | ◯ = 125 |
| 129 > ◯ | ◯ = 183 | 173 < ◯ |

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : छोटी–बड़ी संख्याएँ तथा उनमें अन्तर (बोर्ड पर) – दिवस 129 के अनुसार कराएँ, उदा.– : 187 और 182 में। **(2)** समूह–कार्य : क्रियाकलाप– 15 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांक:

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस – 171

## सबसे छोटी संख्या पर ○ तथा सबसे बड़ी संख्या पर □ करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 131 | 148 | 134 | 150 |
| 160 | 152 | 168 | 136 |
| 150 | 166 | 149 | 161 |
| 187 | 173 | 191 | 177 |
| 150 | 180 | 140 | 170 |
| 197 | 156 | 191 | 154 |

## संकेत समझकर संख्याओं को सही क्रम में लिखें

146 135 139 151

घटते क्रम ↓ | | | | |

160 156 168 172

बढ़ते क्रम ↑ | | | | |

185 195 175 125

बढ़ते क्रम ↑ | | | | |

176 190 179 197

घटते क्रम ↓ | | | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : सबसे छोटी-सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ते/ घटते क्रम (चार संख्याओं में, बोर्ड पर) – दिवस 131 के अनुसार कराएँ, (उदा.: 143, 171, 108, 176 में)। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 16 देखें।

© PSTBPC WEB COPY NOT TO BE REPUBLISHED


कक्षा–Q

गणित

दिनांकः

## सही संख्या ◯ में लिखें (वार्षिक पुनरावर्तन)

दिवस (172




## संख्याओं को बढ़ते/घटते क्रम में लिखें

171 168 195

घटते क्रम ↓

166 188 177

बढ़ते क्रम ↑

110 150 170

घटते क्रम ↑

156 137 160

बढ़ते क्रम ↓

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : सबसे छोटी-सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ते/ घटते क्रम (चार संख्याओं में, बोर्ड पर) –दिवस 131 के अनुसार कराएँ,(उदा.: 161, 170, 164, 107 में)। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 16 देखें।



© BSTBPC WEB COPY, NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांक:

## समझें और करें (वार्षिक पुनरावर्तन)

दिवस *173

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 4 | 7 |
| +3 | 3 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 6 | 3 |
| − 3 | 9 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 5 | 9 |
| + 1 | 3 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 2 | 8 |
| + 3 | 0 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 4 | 5 |
| − 2 | 5 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 3 | 6 |
| + 2 | 1 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 5 | 5 |
| − 3 | 6 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 4 | 9 |
| + 1 | 2 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 7 | 3 |
| − 1 | 8 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 5 | 6 |
| +3 | 0 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 6 | 9 |
| − 2 | 5 |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 2 | 4 |
| +3 | 2 |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : जोड़–घटाव – दिवस 106 / 107 के अनुसार कराएँ। उदा. (1) गीता के पास 64 आम थे। उसके दोस्त ने उसे 35 आम और दिए। बताएँ, अब उसके पास कुल कितने आम हो गये। उदा. (2) राम के पास 77 सेब थे, उनमें से उसने 20 सेब सीता को दे दिया। बताएँ, अब उसके पास कितने सेब बचे। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 3 देखें।

दिनांक:

# समझें और करें (वार्षिक पुनरावर्तन)

दिवस *174

| 9 × 1 | 9 |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

| 5 × 1 | 5 |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

| 7 × 1 | 7 |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

## सही मिलान करें


3 × 2

2 × 4

1 × 5

5 × 2

3 × 3



शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : पहाड़ा (9, 5, 7 का) – दिवस 95 के अनुसार कराएँ, **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 7 देखें।

© BSTBPC WEB COPY .NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांक:

## समझें और करें

दिवस *175

| | | |
|---|---|---|
| 3 × 5 = ____ | 5 × 7 = ____ | 7 × 8 = ____ |
| 9 × 5 = ____ | 8 × 6 = ____ | 4 × 9 = ____ |

| | | |
|---|---|---|
| 20 ÷ 4 = ____ | 12 ÷ 3 = ____ | 24 ÷ 6 = ____ |

| | |
|---|---|
| (1) 18 में से 3 कितनी बार निकाल सकते हैं ?<br><br>यानी, ____ ÷ ____ = ____ | (2) 21 में से 7 कितनी बार निकाल सकते हैं ?<br><br>यानी, ____ ÷ ____ = ____ |

शिक्षण-निर्देश - **(1)** विषय-समझ : गुणा और भाग - कोई उदाहरण लेते हुए दिवस 117 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 7 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *176

| | |
|---|---|
| (1) कविता के पास 88 गोलियाँ थीं। उषा ने उसे 10 गोलियाँ और दीं। अब, कविता के पास कुल कितनी गोलियाँ हो गईं? | |
| (2) चंदा को पापा ने 55 रुपये दिये। उसने उसमें से 40 रुपये अपनी सहेली को दे दिये। अब चंदा के पास कितने रुपये बचे ? | |
| (3) एक दुकानदार के पास 85 खिलौने थे। उसने 58 खिलौने बेच दिये, तो अब दुकानदार के पास कितने खिलौने बचे ? | |
| (4) रामू के पास 37 गायें और श्यामू के पास 27 गायें हैं। बताएँ, दोनों के पास कुल मिलाकर कितनी गायें हैं ? | |
| (5) एक मैदान में 40 बच्चे खेल रहे थे। 27 बच्चे और आ गये। मैदान में अब कितने बच्चे हो गये ? | |
| (6) मीना के पास 47 सेब थे। उसमें से उसने मीरा को 20 सेब दे दिया। अब,मीना के पास कितने सेब बचे ? | |
| (7) एक बगीचे में लीची के 30 पेड़ और आम के 20 पेड़ हैं। बताएँ कि बगीचे में कुल कितने पेड़ हैं ? | |

शिक्षण-निर्देश - **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (जोड़/घटाव) - कोई उदाहरण लेते हुए दिवस 133 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 17 देखें।

© BSTBPC NOT TO BE REPUBLISHED WEB COPY

कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *177

| | |
|---|---|
| (1) एक माला में 5 फूल हैं, तो ऐसी 3 मालाओं में कुल कितने फूल होंगे ? | 5 × 3 = 15 |
| (2) एक टोकरी में 15 आम हैं। इन्हें 3 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटना है। तो प्रत्येक दोस्त को कितने आम मिलेंगे ? | |
| (3) एक हॉल में 7 व्यक्ति हैं तो ऐसे 3 हॉल में कितने व्यक्ति होंगे ? | |
| (4) 18 में से 6 कितनी बार निकाला जा सकता है ? | |
| (5) ाशिक्षक ने प्रत्येक बच्चे को 4 पुस्तकें दीं। बताएँ, 5 बच्चों को कुल कितनी पुस्तकें दी गईं ? | |
| (6) 24 लीचियों को 6 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटना है, तो प्रत्येक दोस्त को कितनी लीचियाँ मिलेंगी ? | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (गुणा/भाग) – कोई उदाहरण लेते हुए दिवस 121 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 17 देखें।

कक्षा–Q




गणित

दिनांकः

## वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *178

अपने आसपास की वस्तुएँ जो इन आतियों से मिलती–जुलती हों, उनके चित्र बनाएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : आकृतियाँ – इन आकृतियों (आयत, वर्ग, त्रिभुज एवं वृत्त) में से बारी–बारी एक आकृति बोर्ड पर बनाकर बच्चों को उनके आसपास की वस्तुओं में से इनसे मिलती–जुलती वस्तुएँ बताने को कहें। कुछ और वस्तुओं को बताने में शिक्षक भी बच्चों की मदद करें। **(2)** समूह–कार्य : क्रियाकलाप– 26 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q गणित

दिनांकः

## वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *179

### मापिए और बताइए

| वस्तुओं के नाम | मेरा अनुमान | मेरी माप |
|---|---|---|
| कक्षा की चौखट | ............... हाथ | ............... हाथ |
| खिड़की | ............... बित्ता | ............... बित्ता |
| पैर | ............... अंगुली | ............... अंगुली |
| श्यामपट | ............... बित्ता | ............... बित्ता |
| कमरा | ............... कदम | ............... कदम |
| किताब | ............... तीली | ............... तीली |

### किससे, किसको माप सकते हैं ? नाम लिखिए

| | |
|---|---|
| कलम की लम्बाई | |
| बरामदे की लम्बाई | |
| कक्षा की चौखट | |
| ब्लैकबोर्ड की लम्बाई | |

शिक्षण-निर्देश - **(1)** विषय-समझ : लंबाई - दिवस 101/104 के अनुसार कराएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 6 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q



गणित

दिनांकः

# वार्षिक पुनरावर्तन

दिवस *180

## जोड़े बनाएँ

| | |
|---|---|
|  |  |
|  |  |
|  |  |
|  |  |
|  |  |

## कुल कितने रुपये

(1)  = ☐ रुपये

(2)  = ☐ रुपये

(3)  = ☐ रुपये

(4)  = ☐ रुपये

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : मुद्रा — दिवस 138 / 139 के अनुसार कराएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 18 देखें।



© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

संलग्न : 1

## संख्याकार्ड (बच्चों के लिए) Std-2

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

## संख्याकार्ड (शिक्षक के लिए) Std-2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 |
| 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

# फलक कार्यक्रम : 2017- 18

## कक्षा–2, समूहकार्य (गणित) (दिवस : 01-90)

क्रियाकलाप 1 : आकार की समझ (पुनरावर्तन) (दिवस– 1,2)

साधन : मौखिक

- वृत्त, त्रिकोण, आयत, बेलन का चित्र बोर्ड पर बना दें।
- अब हर एक बच्चे का इनमें से कोई एक चित्र दिखाकर उससे मिलते–जुलते वस्तुओं का नाम बताने को कहें।

क्रियाकलाप 2 : त्रिविमीय आकृतियों की समझ (3,4)

साधन : मौखिक

- घनाभ, बेलन, गोला, शंकु का चित्र बोर्ड पर बना दें
- अब हर एक बच्चे का इनमें से कोई एक चित्र दिखाकर उसका नाम पूछें, फिर उससे मिलते–जुलते वस्तुओं का नाम बताने को कहें।

क्रियाकलाप 3 : द्विविमीय आकृतियाँ की समझ (5,6,7)

साधन : मौखिक

- आयत, त्रिकोण, वृत्त, वर्ग का चित्र बोर्ड पर बना दें
- अब हर एक बच्चे का इनमें से कोई एक चित्र दिखाकर उसका नाम पूछें, फिर उससे मिलते–जुलते वस्तुओं का नाम बताने को कहें।

क्रियाकलाप 4 : रेखा की समझ (8,9,10)

साधन : मौखिक

- हर एक बच्चे को खड़ी/पड़ी/तिरछी रेखा में से कोई एक देकर उसका चित्र बोर्ड पर बनाने को कहें।
- दूसरे दिन हरएक बच्चे को सीधी तथा घुमावदार रेखाओं से कोई चित्र बोर्ड पर बनाने को कहें।

क्रियाकलाप 5 : संख्या की समझ (पुनरावर्तन) (11,12)

साधन : बोर्ड

- कक्षा–1 में पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- हर एक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उससे संख्या में कितने दहाई तथा कितने इकाई है यह पूछें। फिर उससे संख्या के ठीक पहले तथा ठीक बाद की संख्या भी पूछें।

क्रियाकलाप 6 : स्थानीय मान की समझ (पुनरावर्तन) (13,14)

साधन : बोर्ड

- कक्षा–1 में पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- हरएक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उससे संख्या में कितने दहाई तथा कितने इकाई है यह पूछें। फिर उससे बारी–बारी कुल दहाई तथा कुल इकाई में वस्तुओं की कुल संख्या पुछते हुए उस संख्या में अकों के स्थानीय मान पूछें। (उदा. 23 में : 2 दहाई में कुल कितनी वस्तुएँ होगी? 20, अतः 23 में 2 का स्थानीय मान कितना है? इसी तरह इकाई के लिए पूछें)

क्रियाकलाप 7 : छोटी–बड़ी संख्या तथा अंतर (पुनरावर्तन) (15,16)

साधन : बोर्ड

- कक्षा–1 में पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- समूह के बच्चे को 2–2 के ग्रुप में बाँटे।
- हर एक ग्रुप के दोनों बच्चे को बारी–बारी एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उनमें से एक बच्चे को छोटी–बड़ी संख्या तथा दूसरे बच्चे को अंतर बताने को कहें।

क्रियाकलाप 8 : सबसे छोटी–सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ते/घटते क्रम (पुनरावर्तन) (17,18)

साधन : बोर्ड

- कक्षा–1 में पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- समूह के बच्चे को 4–4 के ग्रुप में बाँटे।
- हर एक ग्रुप के चारों बच्चे को बारी–बारी एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उनमें से अलग–अलग बच्चे को सबसे छोटी संख्या, सबसे बड़ी संख्या, बढ़ता क्रम, घटता क्रम में लिखने को कहें।

क्रियाकलाप 9 : जोड़ (पुनरावर्तन) (19,20)

साधन : मौखिक

- हर एक बच्चे को एक अंकीय दो संख्याएँ देकर उसे मौखिक जोड़ने को कहें। (उदा. 3 +2, 5 +6, 4 +3, 9 + 9, 9 + 5 इत्यादि)

क्रियाकलाप 10 : घटाव (पुनरावर्तन) (21,22)

साधन : मौखिक

- हर एक बच्चे को 18 तक की कोई एक संख्या में से एक अंकीय दूसरी संख्या देकर उसे मौखिक घटाने को कहें। (उदा. 12 - 5, 15 - 7, 9 - 4, 13 - 6, 11 - 8, 7 - 6, इत्यादि)

क्रियाकलाप 11 : संख्या की समझ (तीन अंकीय) (23,24,25,42,43,58,62,63)

साधन : बोर्ड

- पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- हर एक बच्चे को एक संख्या (तीन अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें (कठिनाई होने पर शिक्षक मदद करें)। फिर उससे संख्या में कितने सैकड़ा, कितने दहाई तथा कितने इकाई है यह पूछें। फिर उससे संख्या के ठीक पहले तथा ठीक बाद की संख्या भी पूछें।

क्रियाकलाप 12 : स्थानीय मान की समझ (तीन अंकीय) (26,27,44,45,59,64,65)

साधन : बोर्ड

- पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- हरएक बच्चे को एक संख्या (तीन अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें (कठिनाई होने पर शिक्षक मदद करें)। फिर उससे संख्या में कितने सैकड़ा, कितने दहाई तथा कितने इकाई है यह पूछें। फिर उससे बारी–बारी सैकड़ा, कुल दहाई तथा कुल इकाई में वस्तुओं की कुल संख्या पूछते हुए उस संख्या में अकों के स्थानीय मान पूछें। (उदा. 123 में : 1 सैकड़ा में कुल कितनी वस्तुएँ है? 100, अतः 123 में 1 का स्थानीय मान कितना है? 2 दहाई में कुल कितनी वस्तुएँ होगी? 20, अतः 123 में 2 का स्थानीय मान कितना है? इसी तरह इकाई के लिए पूछें)

क्रियाकलाप 13 : छोटी–बड़ी संख्या तथा अंतर (28,29,46,47,66,67)

साधन : बोर्ड

- पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- समूह के बच्चे को 2–2 के ग्रुप में बाँटे।
- हरएक ग्रुप के दोनों बच्चे को बारी–बारी एक संख्या (तीन अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उनमें से एक बच्चे को छोटी–बड़ी संख्या तथा दूसरे बच्चे को अंतर बताने को कहें।

क्रियाकलाप 14 : सबसे छोटी–सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ता/घटता क्रम (30,31,48,49,68,69)

साधन : बोर्ड

- पढ़ाई गयी संख्या के अनुसार करायें।
- समूह के बच्चे को 4–4 के ग्रुप में बाँटे।
- हर एक ग्रुप के चारों बच्चे को बारी–बारी एक संख्या (तीन अंकीय) देकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें। फिर उनमें से अलग–अलग बच्चे को सबसे छोटी संख्या, सबसे बड़ी संख्या, बढ़ता क्रम, घटता क्रम में लिखने को कहें।

क्रियाकलाप 15 : जोड़ (एक अंकीय तीन संख्या) (32,33)

साधन : संख्याकार्ड (1–9)

- हर एक बच्चे को एक अंकीय एक संख्या देकर उसका संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- पुनः हर एक बच्चे को एक अंकीय एक संख्या देकर उसका संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- पुनः हर एक बच्चे को एक अंकीय एक संख्या देकर उसका संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- अब हर एक बच्चे को तीनों संख्याओं को जोड़कर उसका जवाब पता करने को कहें।

क्रियाकलाप 16 : जोड़ (हासिलवाला, वस्तु द्वारा) (34,35,52,53,60,70)

साधन : संख्या कार्ड (10–90, 1–9), चिह्न कार्ड (+ , = ) खुली वस्तु (गोटी, तिनका, इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप, तिनका, इत्यादि)

- हर एक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या जितना दहाई तथा इकाई लेने को कहें।
- फिर हर एक बच्चे को दूसरी एक संख्या (दो अंकीय, दोनों संख्याओं का जोड़ 50 तक हो) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या जितना दहाई तथा इकाई लेने को कहें।
- हर एक बच्चे को उनके पास के दोनों संख्याओं को जोड़कर जवाब पता करने को कहें।
- अब हर एक बच्चे को जोड़ की संख्या वाक्य बनाने को कहें। (उदा. 37 +26 = 63)

क्रियाकलाप 17 : घटाव (उधारवाला, वस्तु द्वारा) (36,37,54,55,61,71)

साधन : संख्या कार्ड (10–90, 1–9), चिह्न कार्ड (+ , =) खुली वस्तु (गोटी, तिनका, इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाले पाईप, तिनका, इत्यादि)

- हर एक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या जितना दहाई तथा इकाई लेने को कहें।
- फिर हर एक बच्चे को दूसरी एक संख्या (दो अंकीय, दोनों संख्याओं का घटाव 50 तक हो) देकर उसके अनुसार **सिर्फ** संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- हर एक बच्चे को पहली संख्या में से दूसरी संख्या को घटाकर जवाब पता करने को कहें।
- अब हर एक बच्चे को घटाव का संख्या वाक्य बनाने को कहें। (उदा. 34 - 16 = 18)

क्रियाकलाप 18 : जोड़/घटाव (हासिलवाला/ उधारवाला, वस्तु द्वारा)
(38,39,40,41,56,57,74,75,76,77)

साधन : संख्या कार्ड (10–90, 1–9), चिह्न कार्ड (+ , = ) खुली वस्तु (गोटी, तिनका, इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाले पाईप, तिनका, इत्यादि)

- हर एक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या जितना दहाई तथा इकाई लेने को कहें।
- **जोड़ के लिए** : फिर हरएक बच्चे को दूसरी एक संख्या (दो अंकीय, दोनों संख्याओं का जोड़ 50 तक हो) देकर उसके अनुसार संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या जितना दहाई तथा इकाई लेने को कहें।
- **घटाव के लिए** : फिर हर एक बच्चे को दूसरी एक संख्या (दो अंकीय, दोनों संख्याओं का घटाव 50 तक हो) देकर उसके अनुसार **सिर्फ** संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- हर एक बच्चे को उनके पास के दोनों संख्याओं को जोड़कर/घटाकर जवाब पता करने को कहें।
- अब हर एक बच्चे को जोड़/घटाव का संख्या वाक्य बनाने को कहें।

क्रियाकलाप 19 : किसी संख्या के निकटतम दहाई की समझ (90 तक में) (50,51,72,73)

साधन : बोर्ड

- हर एक बच्चे को एक संख्या (दो अंकीय) देकर पूछें कि इस संख्या के निकटतम दहाई कौन होगा?
- समय रहने पर बच्चे को दूसरी–दूसरी संख्या देकर संख्या के निकटतम दहाई पूछें।

क्रियाकलाप 20 : समान साइज के समूह बनाना (78,79)

साधन : खुली वस्तु (गोटी, तिनका, इत्यादि)

- हर एक बच्चे को एक संख्या (संख्या 2, 3, 4, 5 या 6 के गुणज में) दें।
- अब संख्या जितना वस्तु निकालकर सामने रखने को कहें।
- अब उन्हें वस्तुओं को दो–दो, तीन–तीन, चार–चार इत्यादि के समूहों में बाँटने को कहें।
- फिर हर एक बच्चे से पूछें कि (i) एक समूह में कितनी वस्तुएँ है (ii) कुल कितने समूह है (iii) कुल कितने वस्तुएँ है।

क्रियाकलाप 21 : गुणा (पुनरावर्तित जोड़) (80,81,82,83)

साधन : खुली वस्तु (गोटी, तिनका, इत्यादि), संख्या कार्ड (1–9), चिह्न कार्ड (× , = )

- हर एक बच्चे को एक संख्या (संख्या 2, 3, 4, 5 या 6 के गुणज में) दें।
- फिर संख्या जितना वस्तु निकालकर सामने रखने को कहें।
- अब उन्हें वस्तुओं को दो–दो, तीन–तीन, चार–चार इत्यादि के समूहों में बाँटने को कहें।
- फिर हर एक बच्चे से पूछें कि (i) एक समूह में कितनी वस्तुएँ है (ii) कुल कितने समूह है (iii) कुल कितने वस्तुएँ है।
- अब हर एक बच्चे को **गुणा का संख्या वाक्य** बनाने को कहें। (उदा. $3 \times 4 = 12$)

क्रियाकलाप 22 : गुणा की समझ (84,85)

साधन : पहाड़ा चार्ट

- हर एक बच्चे को पहाड़ा चार्ट में से गुणा का संख्या वाक्य/गुणा तथ्य (उदा. $2 \times 5 = 10$) दिखाते हुए उसमें अलग–अलग संख्याओं का अर्थ पूछें।

क्रियाकलाप 23 : पहाड़ा की समझ (86,87,88,89,90)

साधन : पहाड़ा चार्ट

- हर एक बच्चे को पहाड़ा चार्ट में से गणित की वर्कशीट में आज के दिवस में दिये गये पहाड़ा को पढ़ने को कहें।

© PSTBPC NOT TO BE PUBLISHED WEB COPY

## कक्षा–2, समूहकार्य (गणित) (दिवस : 91-180)

### क्रियाकलाप 1 : संख्या की समझ (पुनरावर्तन) दिवस (91,105)

साधन : संख्या कार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

- सिखायी गयी संख्या के अनुसार करायें।
- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (दो/तीन अंकीय) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्या कार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के ठीक पहले या ठीक बाद की संख्या पूछें।

### क्रियाकलाप 2 : स्थानीय मान की समझ (पुनरावर्तन) दिवस (92,97,98)

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)

- सिखायी गयी संख्या के अनुसार करायें।
- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (दो/तीनअंकीय) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- प्रत्येक बच्चे से उसकी संख्या में **कितने सैकड़े** हैं यह पूछें, फिर उतने सैकड़े में **कुल कितनी वस्तुएँ** है यह पूछें, इसके बाद संख्या में **सैकड़ा वाले अंक का स्थानीय मान** पूछें।
- इसी तरह दहाई तथा इकाई वाले अंकों के लिए सवाल–जवाब करें।

### क्रियाकलाप 3 : जोड़/घटाव ( पुनरावर्तन ) दिवस (93,94,106,107,173)

साधन : संख्याकार्ड (10–100, 1–9), चिह्नकार्ड (+ , –, = ) खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

  - प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (दोअंकीय) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
  - प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
  - **जोड़ के लिए** : जिन–जिन बच्चों को 'जोड़' देना है उसे दूसरी एक संख्या (दोअंकीय, दोनों संख्याओं का जोड़ 99 तक हो) देकर उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें। फिर संख्या के अनुसार दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
  - **घटाव के लिए** : जिन–जिन बच्चों को 'घटाव' देना है उसे दूसरी एक संख्या (दोअंकीय, पहली संख्या से छोटी) देकर उसके अनुसार **सिर्फ** संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
  - प्रत्येक बच्चे को उनके पास की दोनों संख्याओं को जोड़कर/घटाकर जवाब पता करने को कहें।
- अब हरएक बच्चे को जोड़/घटाव का संख्यावाक्य बनाने को कहें (उदा. : 56 + 27 = 83)।

### क्रियाकलाप 4 : पहाड़े की समझ ( पुनरावर्तन ) दिवस (95,96)

साधन : पहाड़ा-चार्ट/ गणित की अभ्यास–पुस्तिका

- पहाड़ा-चार्ट/ गणित की अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस में दिया गया पहाड़ा प्रत्येक बच्चे को पढ़ने के लिए कहें।

### क्रियाकलाप 5 : क्रमसूचक संख्या दिवस (99,100)

साधन : प्लास्टिक का छोटा डिब्बा, क्रमसूचक संख्या व संख्यावाला पर्ची (20 तक)

  - 20 वर्गाकार पर्ची (4cm × 4cm) बना लें। प्रत्येक पर्ची के एक साइड में एक संख्या तथा दूसरे साइड में उस संख्या की क्रमसूचक संख्या लिखें (उदा.– एक साइड में 15 तो दूसरे साइड में पंद्रहवाँ)।

- सारी पर्चियाँ (बीस) को एक डिब्बे में रख लें।
- समूह के किसी एक बच्चे को डिब्बा दें। वह बच्चा अपने आगे के बच्चे को डिब्बा देगा, फिर आगे का बच्चा अपने आगे वाले बच्चे को डिब्बा देगा, इस तरह डिब्बा बच्चों के बीच घूमता रहेगा।
- शिक्षक stop बोलें उस समय डिब्बा जिस बच्चे के हाथ में रहेगा उस बच्चे को उसमें से एक पर्ची निकालने को कहें।
- अब उस बच्चे को पर्ची में संख्या पहचानने को कहें, फिर दूसरे साइड में लिखी क्रमसूचक संख्या को पढ़ने को कहें। बच्चे को दिक्कत होने पर शिक्षक मदद करें।
- उक्त पर्ची को बाहर रखते हुए प्रक्रिया को दोहरायें। ध्यान रखें कि सभी बच्चों को मौका मिले।

### क्रियाकलाप 6 : लम्बाई — दिवस (101,102,103,104,179)

साधन : कक्षा की वस्तुएँ (डस्टर,किताब,टेबल,श्यामपट,पेंसिल..... इत्यादि )

- प्रत्येक बच्चे को कोई एक वस्तु तथा कोई एक इकाई (बित्ता,अंगुली,कदम,हाथ......... ) जिसमें वह वस्तु को मापेगा, देकर उसे मापने को कहें।
- किसी भी बच्चे को दिक्कत होने पर शिक्षक उनकी मदद करें।

**नोटः**–माप की गणना बच्चे पूरी इकाई में ही लें।

### क्रियाकलाप 7 : गुणा की समझ — दिवस (108,174,175)

साधन : पहाड़ा–चार्ट

- प्रत्येक बच्चे को पहाड़ा–चार्ट में से गुणा का संख्यावाक्य/गुणा तथ्य (उदा. $2 \times 5 = 10$) दिखाते हुए उसमें अलग–अलग संख्याओं का अर्थ पूछें।

### क्रियाकलाप 8 : वस्तुओं को बराबर–बराबर बाँटना — दिवस (109,110,177)

साधन : **खुली वस्तुएँ** (स्ट्रॉ, तिनका, गिट्टी, गोटियाँ, इत्यादि), **दस का बंडल** (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)

- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या दें (30 तक में)।
- संख्या के अनुसार दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
- अब प्रत्येक बच्चे को वस्तुओं को दो, तीन या चार, ...... समूहों में बराबर–बराबर बाँटने को कहें।

**नोट** : शिक्षक बच्चों को संख्या तथा समूहों की संख्या इस प्रकार दें कि कुल वस्तुओं को समूहों में बराबर–बराबर बाँटने पर वस्तु समाप्त हो जाए।

### क्रियाकलाप 9 : वस्तुओं को अलग–अलग तरीकों से समान भागों में बाँटना — दिवस (111,112,113,114,136)

साधन : **खुली वस्तुएँ** (स्ट्रॉ, तिनका, गिट्टी, गोटियाँ, इत्यादि), **दस का बंडल** (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)

- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या दें (30 तक में)।
- संख्या के अनुसार दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
- अब प्रत्येक बच्चे को वस्तुओं को दो, तीन या चार, ...... समूहों में बराबर–बराबर बाँटने को कहें (बच्चे हरएक बार समूहों में दी जानेवाली वस्तुओं की संख्या को लिखें)।
- अब प्रत्येक बच्चे को वस्तुओं को एकत्र करके पुनः उतने ही समूहों में अलग–अलग तरीकों से (दूसरे–दूसरे संख्याओं को लेकर) बाँटने को कहें।

**नोट** : शिक्षक बच्चों की संख्या तथा समूहों की संख्या इस प्रकार दें कि कुल वस्तुओं को समूहों में बराबर–बराबर बाँटने पर वस्तु समाप्त हो जाए।

## क्रियाकलाप 10 : भाग के चिह्न (÷) की समझ (हिस्सा) दिवस (115,116)

साधन : **खुली वस्तुएँ** (स्ट्रॉ, तिनका, गिट्टी, गोटियाँ, इत्यादि)

नोट : बच्चे संख्या के अनुसार वस्तुएँ इकाई में ही लें (खुली वस्तुएँ)।

- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (30 तक में) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकाल सामने रखने को कहें।
- संख्या के अनुसार इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को दूसरी एक संख्या बोलकर (7 तक में) वस्तुओं को उतने समूहों में बराबर–बराबर बाँटने को कहें (ध्यान रखें कि शिक्षक द्वारा दी गयी संख्या में सारी वस्तुएँ पूरी-पूरी बँट जानी चाहिए तथा दूसरी संख्या का सिर्फ संख्याकार्ड निकालना है )
- शिक्षक प्रत्येक बच्चे से प्रत्येक समूह में आयी वस्तुओं की संख्या पूछें।
- अंत में, प्रत्येक बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने को कहें (उदा. 12 ÷ 3 = 4)।
- बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने में दिक्कत होने पर शिक्षक उनकी सहायता करें।

## क्रियाकलाप 11 : भाग के चिह्न (÷) की समझ (समूह) दिवस (117,121,122)

साधन : खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनका, गिट्टी, गोटियाँ, इत्यादि)

नोट : बच्चे संख्या के अनुसार वस्तुएँ इकाई में ही ले (खुली वस्तुएँ)

- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (30 तक में) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकाल कर सामने रखने को कहें।
- संख्या के अनुसार इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को दूसरी एक संख्या (7 तक में) बोलकर दें तथा कहें कि यदि एक बच्चे को इस संख्या जितनी वस्तु दी जाती है तो आप सारी वस्तुओं को कितने बच्चों में बाँट सकते है (ध्यान रखें कि शिक्षक द्वारा दी गई संख्या के अनुसार सारी वस्तुएँ बँट जानी चाहिए तथा दूसरी संख्या का सिर्फ संख्याकार्ड निकालना है)
- शिक्षक प्रत्येक बच्चे से बच्चों की संख्या पूछें।
- अंत में प्रत्येक बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने को कहें (उदा. 12 ÷ 3 = 4)।
- बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने में दिक्कत होने पर शिक्षक उनकी सहायता करें।

## क्रियाकलाप 12 : भाग के चिह्न (÷) की समझ (समूह,संख्या) दिवस (118,119,120)

साधन : खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनका, गिट्टी, गोटियाँ, इत्यादि)।

**नोट** : बच्चे संख्या के अनुसार वस्तुएँ इकाई में ही लें (खुली वस्तुएँ)।

- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (30 तक में) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकाल कर सामने रखने को कहें।
- संख्या के अनुसार इकाई में वस्तुएँ लेने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को दूसरी एक संख्या (7 तक में) बोलकर दें तथा कहें कि इस संख्या जितनी वस्तुएँ कुल वस्तुओं में से कितनी बार निकाल सकते है। (ध्यान रखें कि शिक्षक द्वारा दी गई संख्या के अनुसार सारी वस्तुएँ बँट जाना चाहिए तथा दूसरी संख्या का सिर्फ संख्याकार्ड निकालने को कहें)
- शिक्षक प्रत्येक बच्चे से पूछ लें कि– कितने बार निकाल सकते हैं।
- अंत में प्रत्येक बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने को कहें (उदा. 12 ÷ 3 = 4)।
- बच्चे को भाग का संख्यावाक्य बनाने में दिक्कत होने पर शिक्षक उनकी सहायता करें।

## क्रियाकलाप 13 : संख्या की समझ (तीन अंकीय) दिवस (123,124,125,147,148,158,159)

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीनेवाली पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

- सिखाई गई संख्या के अनुसार कार्य कराएँ।
- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (तीनअंकीय) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- अब प्रत्येक बच्चे से दी हुई संख्या के ठीक पहले या ठीक बाद की संख्या पूछें।

## क्रियाकलाप 14 : स्थानीय मान की समझ दिवस (126,127, 128,149,150,160,161,167,168)

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीनेवाली पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

- सिखाई गई संख्या के अनुसार कार्य कराएँ।
- प्रत्येक बच्चे को एक संख्या (दो/तीनअंकीय) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- प्रत्येक बच्चे से उसकी संख्या में **कितने सैकड़े** हैं–यह पूछें, फिर उतने सैकड़े में **कुल कितनी वस्तुएँ** है यह पूछें, इसके बाद संख्या में **सैकड़ावाले अंक का स्थानीय मान** पूछें।
- इसी तरह दहाई तथा इकाईवाले अंकों के लिए सवाल–जवाब करें।

## क्रियाकलाप 15 : छोटी–बड़ी संख्या तथा अंतर दिवस (129,130,151,169,170)

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

- सिखाई गई संख्या के अनुसार कार्य कराएँ।
- समूह के बच्चे को 2–2 के ग्रुप में बाँटें।
- हर एक ग्रुप के दोनों बच्चे को एक–एक संख्या (तीन अंकीय, अंतर 10 से ज्यादा न हो) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- हर एक ग्रुप में किसी एक बच्चे को दोनों संख्याओं में छोटी–बड़ी संख्या पता करने को कहें (पता करने की प्रक्रिया पूछ लें)।
- हर एक ग्रुप में दूसरे बच्चे को दोनों संख्याओं के बीच अंतर पता करने को कहें (पता करने की प्रक्रिया पूछ लें)।

## क्रियाकलाप 16 : बढ़ता क्रम/घटता क्रम दिवस (131,132,152,153,171,172)

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)

- सिखाई गई संख्या के अनुसार कार्य कराएँ।
- समूह के बच्चों को 4–4 के ग्रुप में बाँटें।
- हर एक ग्रुप के चारो बच्चों को एक–एक संख्या (तीन अंकीय) बोलकर दें तथा उसके अनुसार संख्याकार्ड निकालकर सामने रखने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को संख्या के अनुसार सैकड़ा, दहाई तथा इकाई में वस्तुएँ निकालने को कहें ।
- एक ग्रुप के बच्चों को चारो संख्याओं को बढ़ते क्रम में तथा दूसरे ग्रुप के बच्चों को चारो संख्याओं को घटते क्रम में सजाने को कहें (पता करने की प्रक्रिया पूछ लें)।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

**क्रियाकलाप 17 : इबारती सवाल (जोड़/घटाव/गुणा/भाग) दिवस (133,134,135,136,176,177)**

साधन : संख्याकार्ड (10,20,30–100, 1–9), खुली वस्तुएँ (स्ट्रॉ, तिनके, गिट्टी इत्यादि), दस का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि), सौ का बंडल (पेय पदार्थ पीने वाला पाईप (स्ट्रॉ), तिनका, इत्यादि)।

- सिखाई गई अवधारणाओं के अनुसार कार्य कराएँ।
- प्रत्येक बच्चे को भिन्न–भिन्न क्रियाओं (जोड़/घटाव/गुणा/भाग) का एक–एक संख्यावाक्य बोलकर दें तथा बच्चों को उसे लिखने को कहें, (उदा. (i) 36 + 28 = , (ii) 42 - 25 = , (iii) 7 × 4 = , (iv) 36 ÷ 3 =
- अब प्रत्येक बच्चे को संख्यावाक्य के अनुसार इबारती सवाल (दैनिक जीवन से जुड़ी) बनाकर बताने को कहें।

**क्रियाकलाप 18 : मुद्रा (रुपया एवं पैसा) दिवस (137,138,139,140,180)**

साधन : मौखिक

- आज के दिन जो विषय-समझ दी गई हैं उसी से संबंधित समूहकार्य समूह के बच्चों के साथ कराएँ।

**क्रियाकलाप 19 : वजन/भार (हल्की–भारी) (141,142)**

साधन : वस्तुएँ (गिट्टी, पत्थर, किताब, पेंसिल, चॉक, डस्टर, कलम इत्यादि)।

- अपने पास कुछ वस्तुएँ रखें (गिट्टी, पत्थर, किताब, पेंसिल, चॉक, डस्टर, कलम इत्यादि)।
- बारी–बारी एक बच्चे के दोनों हाथों में अलग–अलग वस्तुएँ रखकर उससे पूछें कि इनमें कौन भारी तथा कौन हल्की है?

**क्रियाकलाप 20 : वजन/भार (हल्की–भारी) दिवस (143,144)**

साधन : साधारण तुला, वस्तुएँ (गिट्टी, पत्थर, किताब, पेंसिल, चॉक, डस्टर, कलम इत्यादि)।

- आज के दिन जो विषय-समझ दी गई हैं उसी से संबंधित समूहकार्य समूह के बच्चों के साथ कराएँ।

**क्रियाकलाप 21 : धारिता दिवस (145,146)**

साधन : मौखिक

- आज के दिन जो विषय-समझ दी गई हैं उसी से संबंधित समूहकार्य समूह के बच्चों के साथ कराएँ।

**क्रियाकलाप 22 : समय दिवस (154,157)**

साधन : मौखिक

आज के दिन जो विषय-समझ दी गई हैं उसी से संबंधित समूहकार्य समूह के बच्चों के साथ कराएँ।

**क्रियाकलाप 23 : समय दिवस (155,156)**

साधन : मौखिक

- समूह के सारे बच्चों को गोल में बैठाएँ। उसमें से कोई एक बच्चा समूह के चारो ओर घूमते हुए सोमवार बोलेगा और समूह के बाकी बच्चे इसे दोहराएँगे जब तक वह समूह के किसी दूसरे एक बच्चे को छू नहीं देता।
- जिस बच्चे को पहले बच्चे ने छुआ है वह ठीक आगे के दिन का नाम बोलते हुए गोल के चारो ओर घूमेगा और समूह के बाकी बच्चे इसे दोहराएँगे। बाकी की प्रक्रिया ऊपर के अनुसार कराएँ
- इसी तरह समूह के अन्य बच्चों के लिए कराएँ।
- साल के महीनों के नाम के लिए भी इसी तरह से कराएँ।

## क्रियाकलाप 24 : पैटर्न (वस्तुएँ) दिवस (162,163)

साधन : मौखिक

- बच्चों को गोल में बैठाएँ। सारे बच्चों को निर्देश दें कि **गाय–बकरी–गाय–बकरी .....** इस क्रम में बच्चों को बोलना है अर्थात् कोई एक बच्चा गाय बोलेगा तो ठीक उसके बाद वाला बच्चा बकरी बोलेगा, फिर ठीक आगे वाला बच्चा गाय फिर ठीक आगे वाला बच्चा बकरी बोलेगा......। इस तरह से क्रम आगे बढ़ेगा।
- यदि कोई बच्चा गलत बोलता है तो वह आउट हो जायेगा। फिर ठीक आगे वाले बच्चे से खेल पुनः शुरू होगा।
- इस तरह के अन्य पैटर्न ( (i) **आम–केला– आम–केला .....** (ii) **पेंसिल–रबड़– पेंसिल–रबड़ .....** इत्यादि) बच्चों को देकर एक पैटर्न का खेल करा सकते है।

## क्रियाकलाप 25 : पैटर्न (संख्याएँ) दिवस

(164,165,166)

साधन : मौखिक

- संख्याओं में पैटर्न का खेल– (i) **1–1 संख्या छोड़कर** : कोई एक बच्चा 1 बोलेगा तो ठीक उसके बाद वाला बच्चा 2 को छोड़कर 3 बोलेगा फिर ठीक उसके आगे वाला बच्चा 4 को छोड़कर 5 बोलेगा फिर ठीक आगे वाला बच्चा 6 को छोड़कर 7 बोलेगा ......। (ii) **2–2 संख्या छोड़कर** : कोई एक बच्चा 3 से शुरू करता है तो ठीक उसके बाद वाला बच्चा 4, 5 को छोड़कर 6 बोलेगा फिर ठीक आगे वाला बच्चा 7, 8 को छोड़कर 9 फिर ठीक आगे वाला बच्चा 10, 11 को छोडकर 12 बोलेगा ......। इस तरह से क्रम आगे बढ़ेगा।
- शेष काम ऊपर की तरह कराएँ।

## क्रियाकलाप 26 : आकृति दिवस (178)

साधन : बोर्ड

- आज के दिन जो विषय-समझ दी गयी हैं उसी से संबंधित समूहकार्य समूह के बच्चों के साथ कराएँ।

© BSTBPC
WEB COPY ,NOT TO BE PUBLISHED